दिन– रविवार दिनांक– 12 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा– यह देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने वैशाली शहरी विकास सहकारिता बैंक में लोन वितरण के नाम पर पचासी करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समेत चार लोगों को किया गिरफ्तार।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों में कनकनी से राहत।

---

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। श्री मोदी देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर युवा और खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे का राष्ट्रीय युवा उत्सव दो हजार पच्चीस और विकसित भारत युवा नेता संवाद पर लिखा एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने कहा है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व को दिशा प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है। एक रिपोर्ट.....

–––रिपोर्ट–––

देश भर से तीन हजार युवा नेताओं का चयन, विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता, प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रधानमंत्री युवा नेताओं के साथ दोपहर के भोजन में शामिल होंगे, जिस दौरान उन्हें अपने विचारों, अनुभवों और आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री के साथ साझा करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी प्रतिभागियों द्वारा दस विषयों पर लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन भी जारी करेंगे। इनमें प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विषयों पर निबंध शामिल हैं। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, युवा नेताओं को, देश के भविष्य को लेकर, अपने विचारों को साझा करने के लिए, नीति निर्माताओं, राष्ट्रीय और वैश्विक हस्तियों के साथ सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में अररिया संग्राम के रिवरफ्रंट का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी जिले के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री खुटौना के दुर्गीपट्टी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होग। इसके बाद श्री कुमार खजौली के सुक्की साईफन जाऐंगे और वहां कई योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। वे पुरानी कमला नदी के जीर्णोद्धार करेंगे। मुख्यमंत्री झंझारपुर में विदेश्वर स्थान के पास नहर के विस्तारीकरण कार्य को देखेंगे। इसके साथ ही वे मिथिला हाट के सभागार में जिले के सभी विभाग के अधिकारियों के साथ विकास और प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इधर, सीमावर्ती क्षेत्र में मुख्यमंत्री के दौरा को लेकर भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

————————————————————————

केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को प्रोत्साहन राशि अब पच्चीस हजार रूपये दी जाएगी। उन्होंने नागपुर में एक कार्यक्रम में बताया कि पूरे देश में प्रत्येक दिन औसतन चार सौ चौहत्तर लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गलत तरीके से सड़क पर खड़े वाहन की तस्वीर अगर कोई व्यक्ति भेजेगा, तो उस वाहन से जुर्माना वसूला जाएगा और जुर्माने की राशि का दस प्रतिशत कमिशन के तौर पर सूचना देने वाले व्यक्ति को दिया जाएगा।

————————————————————————

प्रयागराज में कल पौष पूर्णिमा पर पहले अमृत स्नान के साथ महाकुंभ आरंभ होगा। इस भव्य आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर घने जंगल विकसित किए गए हैं ताकि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध हवा और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

————————————————————————

राज्य के किसान नीलगाय और जंगली सूअर को मारने के लिए अपने ग्राम पंचायत की वेबसाईट– gp-bihar- gov-in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में पंचायती राज निदेशक आनंद शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि नीलगाय और जंगली सूअर के शवों के निष्पादन

के संबंध में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग और पंचायती राज विभाग का संयुक्त दिशा निर्देश है। श्री शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत के मुखिया को खेती बर्बाद करने वाले नीलगाय और जंगली सूअर को मारने का आदेश देने का अधिकार दिया गया है।

————————————————————————

प्रदेश की अस्सी लाख जीविका दीदियां पिछले पांच वर्षों में साक्षर बनी हैं। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि जीविका दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साक्षर किया गया है। उन्होंने कहा कि जब जीविका दीदियां साक्षर बनेंगी तभी स्वयं का कारोबार कर पाएंगी। श्री शर्मा ने कहा कि कभी अंगूठे की छाप से अपना काम चलाने वाली महिलाएं अब स्वयं हस्ताक्षर करती हैं। साथ ही महिला उद्यमी भी कहला रही हैं। उन्होंने कहा कि अक्षर ज्ञान के साथ गिनती आने से इसका इस्तेमाल महिलाएं अपने कारोबार में कर रही हैं।

————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले वीर गाथा प्रोजेक्ट—चार के लिए राज्य के नौ बच्चों का चयन किया है। चयनित बच्चों में बांका जिले की जयंती कुमारी और पटना की सोनम को पैराग्राफ लेखन, मुंगेर से रूची कुमारी और बांका से अंशु प्रिया को पेंटिंग, लखीसराय के शांतनु कुमार, मुंगेर की अनुप्रिया, पटना की दक्षता मोडगल और बांका के आर्या आनंद को देश के वीर सूपतों पर कहानी लेखन के लिए चयनित किया गया है। चयनित बच्चों को पुरस्कार के तौर पर दस—दस हजार रूपये की राशि मिलेगी।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने चर्चित शिक्षक खान सर और गुरू रहमान समेत कई शिक्षकों को नोटिस भेजकर आयोग पर लगाए गए आरोपों का जवाब मांगा है। आयोग ने कहा है कि साक्ष्य नहीं देने पर इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर, पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बिहार बंद का आह्वान किया है। श्री यादव ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की है।

————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने वैशाली शहरी विकास सहकारिता बैंक, वीएसबी में लोन वितरण के नाम पर पचासी करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीईओ विपिन तिवारी और उनके रिश्तेदार राम बाबू शांडिल्य के अलावा दिल्ली के व्यापारी नितिन मेहरा और कोलकाता के व्यापारी संदीप सिंह शामिल हैं। राम बाबू शांडिल्य पर पहले से भी यूपी के पूर्वांचल सहकारिता बैंक में हुए तीस करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का मामला दर्ज है। ईडी के अनुसार पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता के खिलाफ भी सम्मन जारी किया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य के पूर्व मंत्री आलोक मेहता के सरकारी आवास समेत अन्य स्थानों पर ईडी ने आय से अधिक मामले में छापेमारी की थी।

———————————————————————

राजधानी पटना में चल रही सिपाही भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में पुलिस ने तीन फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया। लिखित परीक्षा में दो अभ्यर्थियों ने अपने स्थान पर स्कॉलर को बैठाया था। आरोपितों के खिलाफ गर्दनीबाग थाना में केस दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच–पड़ताल कर रही है।

———————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों को भीषण ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोहरे का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान ठंड में और कमी आयेगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। औरंगाबाद, जमुई, अरवल सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों को वेबसाइट बनाने और उसमें शिक्षकों के विवरण के साथ योग्यता निर्धारित प्रारूप और स्कूल संबद्धता के दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने इस कार्य को एक माह के अंदर पूरा करने को कहा है। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि तय समय सीमा के अंदर अगर कार्य पूरा नहीं किया जाएगा, तो उनपर कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————————

बिहार मदरसा बोर्ड की आठवीं कक्षा की परीक्षा बाईस फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मोहम्मद नूर इस्लाम ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच सत्ताईस फरवरी से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस बार यह परीक्षा एससीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार ली जा रही है। वहीं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने जेईई मेन मुख्य परीक्षा, दो हजार पच्चीस के पहले चरण के लिए परीक्षा केंद्र की सूची और तिथि जारी कर दी है। परीक्षा बाईस से तीस जनवरी के बीच ली जाएगी।

———————————————————————————

पटना में आयोजित पांच दिवसीय इंटरनेशनल फीडे– रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप के तीसरे दिन नेपाल के कृष्णा थापा समेत तीन भारतीय खिलाड़ियों ने बढ़त बना ली है। बिहार के प्रमुख खिलाड़ी हिमांशु रंजन ने शुभायम कुंडु के साथ ड्रा खेलकर अपनी रेटिंग बेहतर कर ली है। टूर्नामेंट का आज चौथा दिन है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के हरलखी थाना क्षेत्र से एक लाख रुपए के इनामी अपराधी चंदन कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सुपौल जिला पुलिस के साथ एक संयुक्त कार्रवाई में एस.एस.बी. की पैंतालीसवीं बटालियन ने सिमरीघाट के पास इक्यासी लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से एक नाव को जब्त किया गया है।

सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के छपरा–सीवान मुख्य मार्ग पर ट्रक और मोटरसाईकिल की टक्कर में दो शिक्षकों की मौत हो गयी।

नवादा जिले में पुलिस ने आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने सारण जिले में एक व्यवसायी से बत्तीस लाख रूपए लूटे जाने की खबर को प्रमुखता दी है – अखबार लिखता है– स्वर्ण व्यवसायी के बत्तीस लाख रूपये गायब, थानेदार गिरफ्तार। जेल भेजे गए मकेर थानाध्यक्ष।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – बिहार खेल विश्वविद्यालय को मिली यूजीसी की मान्यता।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पटना में अब चलेगी वाटर मेट्रो। बीस लाख लोगों को मिलेगा लाभ। इसके साथ ही देश के अठारह शहरों में वाटर मेट्रो की तैयारी, बैट्री चालित इलेक्ट्रिक हाईब्रिड नावें चलेंगी।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – लोगों को बताए, दो हजार पांच के पहले और अभी के बिहार का अंतर।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा– यह देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने वैशाली शहरी विकास सहकारिता बैंक में लोन वितरण के नाम पर पचासी करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समेत चार लोगों को किया गिरफ्तार।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों में कनकनी से राहत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।